# हैंडलूम मेले का व्यापारियों ने किया विरोध

## सिटी कोतवाली में दिया ज्ञापन ▶ कहा- बाहर से आए व्यापारी कम दाम में सामान बेचते हैं

▶ स्थानीय दुकानदारों की दुकानदारी होती है चौपट?

▶ व्यापारियों ने मेला स्थल पर किया हंगामा

**छतरपुर, 08 नवंबर. छतरपुर नगर में लगने वाले हैंडलूम मेले का स्थानीय व्यापारियों ने शनिवार को विरोध किया. दोपहर करीब 1:00 बजे शहर के मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचे और उन्होंने मेले के आयोजन पर आपत्ति जताई.**

व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष हैंडलूम मेले के लगने से स्थानीय दुकानों पर सीधा असर पड़ता है, जिससे उनकी बिक्री में भारी कमी आती है और दुकानदारी पूरी तरह चौपट हो जाती है. व्यापारियों ने बताया कि मेले में बाहर से आए व्यापारी कम दामों पर सामान बेचते हैं, जिसके कारण स्थानीय बाजार की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं.



> व्यापारियों ने इस दौरान मेला ग्राउंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश की. इसके बाद व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल सिटी कोतवाली थाना प्रभारी से मिला और उन्हें लिखित आवेदन सौंपा. ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की है कि हैंडलूम मेले को सीमित दिनों के लिए लगाया जाए या इसे शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाए, जिससे स्थानीय व्यापार पर इसका विपरीत प्रभाव न पड़े. फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने व्यापारियों के आवेदन को प्राप्त कर कार्रवाई और आगे की रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजने की बात कही है.

## एक नजर में



### खेल महोत्सव कार्यक्रम में मेधावी छात्रा को प्रदान की स्कूटी

**रेहटी/सलकनपुर.** सांसद खेल महोत्सव विदिशा संसदीय क्षेत्र आयोजित किया जा रहा है. जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. खेल महोत्सव में विभिन्न खेलों के साथ-साथ स्थानीय और पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है. नयागांव, बरखेड़ा, सवालखेड़ा, मद्दागांव में ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों में खेल महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ. जहां खेल और संस्कृति का अद्भुत समावेश देखा गया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सिंह चंद्रवंशी और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मद्दागांव स्कूल की मेधावी छात्रा पलक मेहरा को स्कूटी प्रदान की गई. इस अवसर भाजपा नेता रामगोपाल टेलर, मनोहरलाल महेश्वरी, अनारसिंह चौहान, नपध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, रामसजीवन यादव, प्रेमनारायण मीणा, जितेंद्र भाटी, रिखीराम यादव, लक्ष्मीनारायण लोवंशी, अजय लोवंशी, पुरुषोत्तम यादव, सरपंच राकेश यादव, भागीरथ मंडलोई, दीपक लोधा, सुभाष पाल, पिंटू मंगतानी, प्रेम सिंह यादव, विनोद नागर, साजिद अहमद, जतिन सोनी, भागवत कुशवाह, पाल दादा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.



### सेवा निवृत्ति पर किया शिक्षकों का सम्मान, दी विदाई

**डोबी.** समीपस्थ ग्राम हथनौरा के शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ शेरसिंह चौहान एवं शासकीय हाई स्कूल जेत से मनोहर लाल चौहान सेवानिवृत हुए. इनका विदाई समारोह शासकीय स्तर माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर में आयोजित किया गया है. दोनों की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य सचिन भार्गव, महेंद्र व्यास, संदीप जोशी, लखन राठौर, हरिराम शर्मा, राजेश कुमार, मधुप, शंकरलाल मीणा, दिनेश शर्मा, बीडी मरकाम, देवराज जाट, पूजा कुशवाहा, प्रीती जोशी, राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्टाफ स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे.



### अन्नकूट महोत्सवों में पत्नी संग शामिल हुए विधायक राय

**सीहोर.** परंपरा अनुसार शहर के अनेक मंदिरों और आश्रमों में अन्नकूट महोत्सवों का आयोजन किया गया. सभी अन्नकूट महोत्सवों में विधायक सुदेश राय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अरुणा राय के साथ शामिल हुए. उन्होंने ब्राह्मण आचार्य के सानिध्य में भगवान की पूजा अर्चना की और नागरिकों की सुख समृद्धि शांति वैभव उन्नति की प्रार्थना भगवान से की. बग्गी खाना स्थित श्रीराम जानकी मंदिर और साहू समाज द्वारा जगदीश मंदिर परिसर में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में शामिल होकर विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय ने सेवा कार्य किया और श्रद्धालु महिला पुरुषों बच्चों के साथ अन्नकूट महोत्सव को मानते हुए प्रसादी का ग्रहण किया.

### विद्यालय परिसर ही नहीं घर को भी बनाएं तंबाकू मुक्त

**भैरुंदा.** अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू दिवस पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्था पर कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया. छात्र-छात्राओं को बताया कि हमारे विद्यालय परिसर को तो हमें तंबाकू मुक्त रखना ही है बल्कि हमारे घर को भी तंबाकू मुक्त बनाना है. अगर घर में कोई तंबाकू का सेवन करते हैं. तो हमारा कर्तव्य बनता है कि उन्हें तंबाकू से होने बाले दुष्परिणाम को बताएं और उन्हें तंबाकू के सेवन से दूर रखने का प्रयास करें.

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से शुरू हुआ खेल महोत्सव

**इछावर.** केंद्र एवं राज्य शासन के द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान के तहत शनिवार ग्राम पंचायत फांगिया में सासंद खेल महोत्सव के आयोजन के अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया. साथ ही वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. आयोजन के दौरान कबड्डी, नींबूदौड़, रस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

# जमीन विवाद के चलते महिला से मारपीट



▶ पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में की शिकायत

**छतरपुर, 08 नवंबर. नगर के ग्राम गोरखपुरपुरवा में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़िता सहोद्रा सेन ( 55 वर्ष ) पति अच्छेलाल सेन ने बताया कि उनके ही गांव के चार लोगों ने उनकी निजी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से ट्रैक्टर से जुताई शुरू कर दी. जब सहोद्रा और उनके परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया. घटना में पीड़िता सहित परिवार के अन्य सदस्यों को चोटें आई हैं.**

पीड़ित परिवार ने घटना के बाद शनिवार को दोपहर 2 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया. आवेदन में उन्होंने आरोपियों पर जबरन भूमि कब्जा, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

> पीड़िता का कहना है कि वह लंबे समय से अपनी जमीन पर खेती कर रही हैं, लेकिन कुछ लोग बलपूर्वक कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं. मामला एसपी ऑफिस पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. वहीं पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद है और उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग भी की है.

# फर्जी बैंक एजेंट को सात साल की जेल

**सीहोर.** बिलकिसगंज में एक फर्जी बैंक एजेंट द्वारा लोगों के साथ धाखधड़ी करने के मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई. आरोपी अनिल प्रजापति आ. सरदार सिंह निवासी बिलकिसगंज खुद को ग्रामीण बैंक का प्रतिनिधि बताता था. वह ग्राहकों से नकद राशि लेकर एक साधारण डायरी में जमा का रिकॉर्ड दिखाता था. लेकिन आरोपी ने किसी का भी बैंक खाता नहीं खोला और न ही जमा राशि बैंक में डाली. लगभग एक वर्ष तक आरोपी ने कई गांवों से करीब 28 लाख रुपए इकट्ठे कर लिए. धीरे-धीरे जब लोगों ने बैंक जाकर जानकारी ली. तो बैंक ने इंकार कर दिया कि उसके यहां किसी अनिल प्रजापति नामक एजेंट की कोई नहीं हुई. फरियादी कुमार सत्यम ने शिकायत दर्ज कराई.

# सत्यम राजा और ध्रुव प्रताप गिरफ्तार

▶ राजनगर में हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई

▶ अन्य आरोपियों की तलाश जारी

▶ अवैध देशी कट्टे व कारतूस बरामद



**छतरपुर, 08 नवंबर. राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटा में हुए मारपीट और फायरिंग की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है. यह मामला 29 अक्टूबर का है, जब आरोपियों ने विवाद के दौरान मारपीट करते हुए पीड़ित की हत्या की नीयत से फायर कर दिया था. इस गंभीर घटना पर थाना राजनगर में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था.**

पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी. सोमवार को पुलिस ने घटना में शामिल दो प्रमुख आरोपियों सत्यम राजा परमार पिता रणधीर सिंह परमार, निवासी ग्राम कोटा, ध्रुव प्रताप सिंह उर्फ गोल्डी राजा पिता बहादुर सिंह परमार, निवासी ग्राम कोटा को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त दो अवैध देशी कट्टे और कारतूस भी बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार आरोपी सत्यम राजा पहले भी अवैध हथियार और मारपीट जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है. घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश व विवेचना जारी है.

# सड़क किनारे आए दिन मर रही गायें, हादसे बढ़े

## प्रशासन अब भी खामोश, गायों को सुरक्षित गौशालाओं में शिफ्ट करने की मांग

**छतरपुर, 08 नवंबर. छतरपुर तहसील के हमा गांव के पास सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर गायों के लगातार एक्सीडेंट में मरने की घटनाएं अब चिंता का बड़ा विषय बन चुकी हैं.**

हाइवे किनारे सैकड़ों की संख्या में गायें घूमती रहती हैं, जिससे आए दिन बड़े वाहनों से टक्कर की घटनाएं हो रही हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़ी एक गाय को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाय की मौके पर ही मौत हो गई.

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है- पिछले कुछ महीनों में कई गायों की इसी तरह मौत हो चुकी है. लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से न तो कोई स्थाई समाधान किया गया है और न ही गायों को सुरक्षित रखने की कोई ठोस व्यवस्था की गई है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खड़ी गायों को सुरक्षित गौशालाओं में रखा जाए,

# अर्चना गुड्डू सिंह के सम्मान में छतरपुर में संकल्प यात्रा

## हजारों समर्थक हुए शामिल, पुष्प वर्षा और ढोल-नगाड़ों से हुआ भव्य स्वागत

**छतरपुर, 08 नवंबर. मध्य प्रदेश भाजपा की प्रदेश मंत्री नियुक्त होने पर अर्चना गुड्डू सिंह के सम्मान में शुक्रवार देर रात छतरपुर में भव्य संकल्प यात्रा निकाली गई. शहर की सड़कों पर उमड़े जनसैलाब ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया. जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा की, ढोल-नगाड़ों की धुन पर कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने नृत्य कर स्वागत किया.**

**पन्ना रोड से शुरू होकर शहर भर में निकली यात्रा:** संकल्प यात्रा की शुरुआत पन्ना रोड से हुई, जो छत्रसाल चौराहा, सागर रोड, बस स्टैंड और चौक बाजार होते हुए पुन: छत्रसाल चौराहे पर संपन्न हुई. इस रोड शो में 500 से अधिक चारपहिया वाहन शामिल रहे. मार्ग में सैकड़ों स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहां अर्चना सिंह को बुके, माला और मिठाइयों के साथ बधाइयां दी गईं.





सभा एवं विशेष स्वागत

महाराजा छत्रसाल डाकखाना चौराहा पर आयोजित सभा में अर्चना गुड्डू सिंह ने जनता और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया. चौराहे पर अग्रवाल समाज और गहोई समाज द्वारा उनका विशेष स्वागत किया गया, जहाँ उत्साह चरम पर था और लोग सड़क पर उतरकर उनके समर्थन में नारे लगा रहे थे.

**भाजपा कार्यालय में हुआ समापन**

लगभग 5 घंटे तक शहर में निकली यह संकल्प यात्रा भाजपा जिला कार्यालय में समाप्त हुई, यहां अर्चना सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, पूरे छतरपुर और भाजपा परिवार का है.

# अतिक्रमणकारियों की दो मशीनें की जप्त

**आष्टा.** बीती रात वन विभाग की टीम ने रात में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वन भूमि पर ट्रैक्टर से अवैध जुताई की जा रही है.

डीएफओ श्रीमती अर्चना पटेल के निर्देश पर एसडीओ एल्विन बर्मन के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा के नेतृत्व में बनाई गई टीम लगातार गश्त द्वारा कार्रवाई की गई. धुराड़ा कला बीट नम्बर 105 में आरोपी हरपाल पिता नारायण सिंह सैंधव निवासी उरलीकला ट्रैक्टर में सीड ड्रील मशीन लगाकर बुआई कर वनभूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहा था. वनविभाग की टीम जैसे ही मौके पहुंची, आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया.

# चंदला थाना परिसर में हुई संयुक्त जनसुनवाई

## पुलिस और राजस्व विभाग ने सुनीं शिकायतें

**चंदला , 08 नवंबर. चंदला थाना में जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल और जिला कप्तान अगम जैन के निर्देशन पर भू माफियाओं को लेकर सभी थाना अंतर्गत जनसुनवाई जारी रहेगी. जिले में लगातार भूमि हड़पने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है. गरीब असहाय लोगों की भूमि जबरन छीनने के मामले लगातार बढ़ रहे है. भूमि हीन व्यक्तियों के पुराने 28 से 30 वर्ष के बने पट्टों को फर्जी दर्शाकर लगातार निरस्त करवाने के मामले भी सामने आ रहे है, जिनकी शिकायतें 181 पर हो रही हैं.**

ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए थाना परिसर में पुलिस और राजस्व के आलाधिकारियों द्वारा जनसुनवाई की गई. क्षेत्र से आए तमाम आवेदकों के आवेदन लेकर निराकरण करने का आश्वासन दिया. वहीं भारतीय किसान यूनियन 61 के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र ठाकुर ने भ्रष्टाचार एवं माफियाओं के खिलाफ आवेदन प्रस्तुत किया. जनसुनवाई में तहसीलदार नारायण कोरी, आरआई भरत सिंह राजपूत एवं चंदला थाना प्रभारी उदयवीर सिंह तोमर, बछौन चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह कोल और तहसीलदार नारायन कोरी मौजूद रहे है.



**कालोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं, जिनमें अपनी कमाई लगाकर लोग हो रहे परेशान**

# सरकारी रास्ते पर कट गई अवैध कॉलोनी, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 08 नवंबर.** शहर में नियम विरुद्ध कई अवैध कालोनियां काट दी गई. इन कालोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोग बाद में परेशान होते रहते हैं. कहीं बिजली की समस्या रहती है तो वहीं सड़क नहीं होती तो कहीं नगरपालिका और अन्य विभागों से परमिशन नहीं मिल पाती है. अभी हालही में एक और कालोनी शहर में कट रही है, जिसमें सरकारी रास्ते पर भी कब्जा कर लिया गया है. कठोर कार्यवाही के आभाव में इस कालोनी में प्लाट के खरीददार भी परेशान होंगे. गौरतलब है कि शहर के मुरली क्षेत्र में कालोनाईजरों द्वारा एक कालोनी काटी जा रही है. इस कालोनी में सरकारी सर्वे नंबर 174 में रास्ते की जमीन को कालोनाईजरों ने कब्जा लिया है, सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरु कर दिया गया है. यहां पर प्लाट बेचने की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है. अब कालोनाईजर तो कालोनी काट कर लाभांश कमा लेंगे लेकिन इस कालोनी में प्लाट खरीदने वाले लोग जब मकान बनाएंगे तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा.

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कालोनियां काटी जा रही हैं. सुविधाओं का इन कालोनियों में बहुत प्रचार प्रसार किया जाता है, पर जमीन पर यह सुविधाएं दिखाई नहीं देती हैं. जो लोग इन अवैध कालोनियों में मकान बनाते हैं. उन्हें बिजली कनेक्शन से लेकर अन्य सुविधाओं के लिए बाद में काफी मशक्कत करनी पडती है. इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा समय रहते इन पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है. इसके अलावा देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा है लेकिन जानकारी के अभाव में कोई न तो शिकात कर पाता है और न ही प्रशासन द्वारा कभी इस और ध्यान दिया जाता है.

आवश्यकता है
छतरपुर जिले के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की

WE ARE HIRING

योग्य, अनुभवी और स्थानीय शासन प्रशासन के जानकार उम्मीदवार अपना आवेदन (परिचय सारांश) प्रेषित करें.



महाप्रबंधक
विज्ञापन
नवभारत-भोपाल

ईमेल : gmnbbhopal@gmail.com